# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 49 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 से 4 मई 2026 तक


# बालेन शाह के दिल्ली दौरे से पहले कूटनीति तेज, नेपाल की 'शर्तों' पर हलचल



नेपाल के काठमांडू मेयर Balen Shah के प्रस्तावित दिल्ली दौरे से पहले भारत-नेपाल कूटनीति में हलचल तेज हो गई है। Nepal की ओर से कुछ शर्तों और प्राथमिकताओं को लेकर चर्चा तेज है, जिस पर अब दोनों देशों के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय पक्ष से संकेत मिलने के बाद नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय ने पहले ही औपचारिक निमंत्रण भेज दिया है। इसके साथ ही India की ओर से भी उच्चस्तरीय संवाद की तैयारी शुरू हो गई है। खबर है कि भारतीय विदेश सचिव काठमांडू का दौरा कर सकते हैं, जिससे कई लंबित मुद्दों पर बातचीत आगे बढ़ेगी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नेपाल की रणनीतिक अहमियत बढ़ती दिख रही है। China और United States दोनों ही नेपाल में अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय कूटनीति और जटिल हो गई है। हाल ही में S. Jaishankar और नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के बीच मॉरीशस में हुए हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान मुलाकात भी इसी कड़ी का हिस्सा मानी जा रही है। इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि बालेन शाह का प्रस्तावित दौरा सिर्फ एक नगर स्तर का कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यापक कूटनीतिक संकेत दे सकता है। अब नजर इस बात पर है कि दोनों देश इन बातचीतों को किस दिशा में आगे बढ़ाते हैं और क्षेत्रीय संतुलन पर इसका क्या असर पड़ता है।

## लद्दाख संकट पर बड़ी पहल

# गृह मंत्रालय ने 22 मई को बुलाई अहम बैठक; स्थायी समाधान की कोशिश




जम्मू। लद्दाख के संगठनों व केंद्र सरकार की हाइ पावर कमेटी में बातचीत को लेकर गतिरोध को समाप्त करते हुए गृह मंत्रालय ने आगामी 22 मई को दिल्ली में उप समिति की बैठक बुलाई है। इस बैठक में लेह अपेक्स बाडी व कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के तीन-तीन सदस्यों के अलावा अन्य हितधारक शामिल होंगे।

बैठक में लद्दाख क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा होगी। इस बैठक की उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को इंटरनेट मीडिया के अपने एक्स हैंडल पर की। उपराज्यपाल ने एक्स पर लिखा है कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने 22 मई को बातचीत के लिए उप समिति की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बैठक के माध्यम से लद्दाख के प्रमुख हितधारकों के साथ रचनात्मक, लोकतांत्रिक संवाद से क्षेत्र के निवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा।

चार फरवरी को लद्दाख के संगठनों से बातचीत की प्रकिया शुरू हुई थी बता दें कि गत चार फरवरी को लद्दाख के संगठनों से बातचीत की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन इसमें कोई साकारात्मक नतीजे तक नहीं पहुंच पाए। अब लद्दाख में गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से ठीक पहले गृहमंत्रालय ने लद्दाख के मुद्दों को लेकर बातचीत शुरू करने की घोषणा की है।लेह में सितंबर 2025 में हिंसक प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत और दर्जनों घायल होने की घटना के बाद बातचीत की प्रक्रिया में लटक गई थी। गत फरवरी में हुई बैठक में लद्दाख के संगठनों ने स्पष्ट किया था कि अगली बैठक में राज्य के दर्जे, छठी अनुसूची जैसे मुख्य मुद्दों पर बातचीत होनी चाहिए।

गृह मंत्रालय ने लद्दाख के संगठनों से इन मुद्दों पर कोई बात नहीं की-अब तक गृह मंत्रालय ने लद्दाख के संगठनों से इन मुद्दों पर कोई बात नहीं की है। लेह अपेक्स बाडी के सह अध्यक्ष छेरिंग दोरजे का कहना है कि हमें उपराज्यपाल की पोस्ट के जरिए आगामी बैठक की जानकारी मिली है। लेकिन अभी गृह मंत्रालय की ओर से कोई औपचारिक न्यौता नहीं आया है।

# आखिरी दिन बंगाल में गरमाई सियासत

## TMC का बड़ा दावा 4 मई के बाद नहीं दिखेंगे बाहरी नेता



पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 के आखिरी दिन सियासी माहौल बेहद गर्म हो गया है। सत्तारूढ़ All India Trinamool Congress (TMC) ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि 4 मई के बाद राज्य में "बाहरी नेताओं" की मौजूदगी खत्म हो जाएगी। टीएमसी नेता तनमय घोष ने कहा कि चुनाव प्रचार समाप्त होते ही बाहरी राज्यों से आए नेताओं को वापस जाना होगा और इसके बाद बंगाल की जनता ही अपने भविष्य का फैसला करेगी। उनका यह बयान सीधे तौर पर विपक्ष, खासकर Bharatiya Janata Party (BJP) पर निशाना माना जा रहा है, जो चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारती रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, "बाहरी बनाम स्थानीय" का मुद्दा बंगाल की राजनीति में नया नहीं है। Mamata Banerjee भी पहले कई बार इस मुद्दे को उठाकर इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा बना चुकी हैं। इस बार भी टीएमसी इसी नैरेटिव को मजबूत करने की कोशिश में है। वहीं विपक्ष का कहना है कि यह बयान लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है और चुनाव प्रचार में किसी भी पार्टी को कहीं भी जाने का अधिकार है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दोनों प्रमुख दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। अब सबकी नजरें मतदान और उसके बाद आने वाले नतीजों पर टिकी हैं, जो यह तय करेंगे कि बंगाल की सत्ता किसके हाथ में जाएगी।

### करंट और धमाकों से मछलियों का नरसंहार

## लालपुर का वीयर तालाब बना मौत का जाल, गांव पर मंडरा रहा बड़ा खतरा

**हेमंत भार्गव**

करैरा के लालपुर गांव से एक सनसनीखेज और चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां वीयर तालाब में खुलेआम मौत का खेल खेला जा रहा है। अवैध तरीके से करंट और विस्फोटकों का इस्तेमाल कर हजारों मछलियों को बेरहमी से मारा जा रहा है। यह खतरनाक और गैरकानूनी गतिविधि अब सिर्फ मछलियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे गांव के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है। तालाब का पानी जहरीला हो गया है, चारों ओर सड़ांध और बदबू फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

ग्राउंड रिपोर्ट के मुताबिक-स्थानीय ग्रामीण दहशत में हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन अब तक चुप्पी साधे हुए है। सबसे बड़ा खतरा-करंट का जाल! मछलियों को मारने के लिए पानी में करंट छोड़ा जा रहा है। जरा सी चूक किसी इंसान, पशु या पक्षी की जान ले सकती है। यानी यह सिर्फ अवैध शिकार नहीं, बल्कि खुलेआम मौत को दावत देने जैसा है।

पर्यावरण पर बड़ा हमला-विशेषज्ञों की मानें तो इस तरह के अवैध तरीकों से न सिर्फ जलजीव खत्म होते हैं, बल्कि पूरा इकोसिस्टम बर्बाद हो सकता है। आने वाले समय में इसका सीधा असर इंसानी जीवन पर भी पड़ेगा।

गांव का सवाल-कब जागेगा प्रशासन?

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका साफ कहना है-अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात और भयावह हो सकते हैं।

क्या जिम्मेदार अधिकारी लेंगे एक्शन? या यूं ही चलता रहेगा मौत का ये खेल?

## सुने घर में लाखों की चोरी पुलिस पर उठ रहे सवाल

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले में चोरों के हौसले बुलंद हैं। सोहागपुर थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार के सूने घर पर चोरों ने धावा बोल दिया। ताला तोड़कर अंदर घुसे बदमाश लाखों के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पिपरिया गांव निवासी उमेश यादव अपने परिवार के साथ गांव में ही स्थित दूसरे घर में पारिवारिक शादी में शामिल होने गए थे। इसी दौरान उनका घर खाली था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर कीमती सामान समेट लिया। जब परिवार शादी से लौटकर घर पहुंचा, तो दरवाजा में लगा ताला



टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा हुआ था।

पीड़ित के मुताबिक, घर में बेटी के विवाह के लिए रखे गए करीब एक किलो चांदी, चार तोले से अधिक सोने के जेवर और 45 हजार रुपये नगद चोरी हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 7 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इधर, कोतवाली थाना क्षेत्र में भी चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाया है। मेसर्स ओम हार्डवेयर में हुई चोरी के मामले में दुकान संचालक शांतनु केशरी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यहां से करीब एक लाख रुपये के सामान की चोरी होना बताया जा रहा है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

## निर्माण कार्य करें शुरू नहीं तो होगी ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही -CMO

**प्रदीप सिंह बघेल**




शहडोल में निर्माण कार्य में सुस्ती पर नगरपालिका CMO आशा भंडारी ने मोर्चा खोल दिया है उनके द्वारा ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि 3 दिन के भीतर काम शुरू नहीं होने पर ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा। CMO द्वारा नोटिस जारी- दरअसल शहडोल नगर पालिका CMO आशा भंडारी ने ठेकेदारों को नोटिस थमाया है। तीन दिन के अंदर काम शुरू नहीं होने पर ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी गई है। इनमें मुख्य रूप से गणदीपति कंस्ट्रक्शन, प्रवीण सिंह, एसपीके कंस्ट्रक्शन, अनुराग मिश्रा, विद्या कंस्ट्रक्शन, शिवमहिमा कंस्ट्रक्शन, आदित्य कंस्ट्रक्शन, एएस कंस्ट्रक्शन, सुनील तिवारी, मिश्रा ट्रेडर्स, खान ट्रेडर्स, ऋग्वेद कंस्ट्रक्शन के नाम शामिल हैं।



धीमा विकास कार्य- जिला मुख्यालय पर स्थित विभिन्न वार्डों पर स्वीकृत विकास कार्यों का कई महीना बीत जाने के बाद भी संबंधित ठेकेदारों ने आज तक काम शुरू नहीं किया है। कुछ स्थानों पर धीमी गति से काम किया जा रहा जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों की परेशानी और समय सीमा को देखते हुए नोटिस जारी किया गया है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 29 अप्रैल, बुधवार को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित पेयजल की व्यवस्था और उपलब्धता की होगी समीक्षा



**नवल किशोर कुशवाहा**

**कटनी** । जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 29 अप्रैल को दोपहर 12 से जिला पंचायत के सभा कक्ष आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। सामान्य सभा की बैठक में पूर्व की बैठक के पालन प्रतिवेदन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग विभाग से संबंधित संचालित विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति चर्चा होगी।

## ओवरब्रिज पर चलती एक्टिवा बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान

**नवल किशोर कुशवाहा**



**कटनी**। चांडक चौक ओवरब्रिज पर आज सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती एक्टिवा में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते स्कूटी आग की लपटों से घिर गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और गाड़ी से उतर गया, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे एक एक्टिवा चालक चांडक चौक से बरगवां की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मिशन चौक ओवरब्रिज के ऊपर आजाद चौक के पास पहुँचा, गाड़ी में अचानक स्पार्किंग हुई और चिंगारियां निकलने लगीं। खतरा भांपते ही चालक ने तत्काल गाड़ी रोकी और नीचे उतर गया। स्कूटी में आग लगते ही ब्रिज पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। वहां मौजूद राहगीरों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिलहाल एक्टिवा मालिक की पहचान की कोशिश की जा रही है। घटना के चलते कुछ देर के लिए ओवरब्रिज पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

## जनसमस्याओं के समाधान की सशक्त पहल नगर निगम में 28 अप्रैल मंगलवार को आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई, एक ही मंच पर होगा समाधान

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा संचालित महापौर जनसुनवाई अब एक विश्वसनीय व्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस पहल ने नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद को मजबूती देते हुए समाधान की




प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और परिणाम मुखी बनाया है।

मंगलवार 28 अप्रैल को आयोजित होगी जनसुनवाई- इसी क्रम में 28 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उपस्थित हो सकेंगे।

महापौर के समक्ष सीधे रख सकेंगे अपनी बात- जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। इससे शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनके निराकरण की दिशा में त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी।

# इंदौरः लसुड़िया पुलिस की बड़ी कामयाबी

## स्कीम-136 के 'अंधे कत्ल' का चंद घंटों में खुलासा

दीपक वाड़ेकर

इंदौर। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जोन-2 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में लसुड़िया थाना पुलिस ने क्षेत्र के सनसनीखेज अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।




मामले का संक्षिप्त विवरणः बीते दिनों थाना लसुड़िया क्षेत्र के हरसिंगार परिसर के सामने, स्कीम नंबर 136 में एक वृद्ध व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने वृद्ध का सिर कुचलकर वारदात को अंजाम दिया था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। पुलिस के पास शुरुआत में कोई चश्मदीद नहीं था, जिससे यह एक 'अंधा कत्ल' बना हुआ था।

शराब के विवाद में हुई हत्याः पुलिस जांच और आरोपी से पूछताछ में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि हत्या की मुख्य वजह शराब खरीदने के दौरान हुआ मामूली विवाद था। जानकारी के अनुसार, शराब दुकान पर आरोपी और वृद्ध व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद का बदला लेने के लिए आरोपी ने वृद्ध पर जानलेवा हमला किया और पत्थर से सिर कुचलकर उनकी हत्या कर दी। तकनीकी साक्ष्यों से दबोचा गया कातिलः वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला। कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस अंततः आरोपी तक पहुँचने में कामयाब रही। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना के समय इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। लसुड़िया पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अन्य आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में पूछताछ कर रही है।

---

## इंदौर नगर निगम की सख्त कार्रवाईः खुले में कचरा फेंकने और गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना

राजेश धाकड़

इंदौर। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 01 के वार्ड 16 बांगड़दा रोड स्थित सुपर कॉरिडोर के पास बोरियों में भरकर शॉप का कचरा फेंके जाने का मामला सामने आया।



निरीक्षण के दौरान वार्ड दरोगा ने जब मौके पर कचरा देखा तो इसकी सूचना तत्काल जोन 01 के सहायक सीएसआई भारत करोसिया को दी गई। सूचना मिलते ही करोसिया मौके पर पहुंचे और बोरियों को खुलवाकर उनमें रखे सामान के आधार पर साक्ष्य जुटाए। जांच में मिले पते के आधार पर संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया गया और अभिजीत जैन को मौके पर बुलाया गया।

पूछताछ में अभिजीत जैन ने स्वीकार किया कि उक्त कचरा उनकी दुकान का ही था। उन्होंने बताया कि शॉप खाली की गई थी और परिवार में गमी होने के कारण वे बाहर चले गए थे। कर्मचारियों को सफाई कर कचरा बोरियों में भरकर रखने को कहा था, ताकि बाद में निगम शुल्क जमा कर अधिकृत तरीके से निस्तारण कराया जा सके, लेकिन कर्मचारियों ने कचरा सुपर कॉरिडोर के पास फेंक दिया। गलती स्वीकार करने पर सहायक सीएसआई भारत करोसिया द्वारा 10,000 का जुर्माना वसूला गया। इसी वार्ड 16 में निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप के पास एक दुकान के बाहर गंदगी और जीरू की बोतलें पड़ी मिलीं, जिस पर संबंधित दुकान संचालक पर 4,500 की चालानी कार्रवाई की गई। वहीं वार्ड 09 में एक फ्रूट दुकान पर प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग करते हुए पाए जाने पर सहायक सीएसआई ने दुकानदार राम केवट को फटकार लगाई, पॉलिथिन जब्त की और 1,000 का चालान वसूला। इस कार्रवाई में वार्ड सहायक दरोगा आशीष करोसिया, सचिन सिरसिया एवं सचिन कल्याणे सहित निगम अमला मौजूद रहा। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित पॉलिथिन उपयोग करने और खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैन ने किया सांवेर जनपद एवं ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण

आदित्य शर्मा

### विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा आज जनपद पंचायत सांवेर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, संचालित शासकीय योजनाओं एवं उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। श्री जैन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए उनके समुचित संधारण, कार्यों की गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्णता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत हासाखेड़ी में नवीन निर्मित अटल सुशासन भवन (ग्राम पंचायत भवन) का अवलोकन किया गया। साथ ही भ्रमण के दौरान जल गंगा संवर्धन कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत बालरिया में निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन एवं मोक्ष धाम का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने तथा ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद



पंचायत सांवेर श्रीमती कुसुम मंडलोई सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानव जीवन के उद्देश्य को समझें सहजयोग ध्यान पद्धति से

26 जनवरी 1979, बोरीवली, मुंबई में अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने कहा था, "शायद आप नहीं जानते हैं कि परमात्मा ने आपको क्यों बनाया और कभी आप सोचते भी नहीं है परमात्मा ने इतनी मेहनत करके आपको इतना सुन्दर क्यों बनाया, आपको मनुष्य क्यों बनाया परमात्मा ने, इस पर भी आप गौर नहीं करते हैं क्योंकि आपके पास समय ही नहीं है कि यह सोचें कि हम क्या हैं, हम किसलिए संसार में आये हैं, हमारा क्या कार्य है। अगर मैं कहूँ आपसे कि अपने अंदर की ओर झांकिए, अपने को देखिये तो आप अपने को नहीं देखते हैं, आप कहेंगे कि माँ ये किस तरह से होता है, किस तरह से अंदर जायें, हम तो आपकी बात सुन रहे हैं, आप बाहर हैं, आपको देख रहे हैं लेकिन हमसे आप कहें कि अंदर की ओर जायें, ये बड़ा मुश्किल कार्य है।"

"अंदर की ओर जायें, ये बड़ा मुश्किल कार्य है।", यह बात हर साधक के मन में आ सकती है। सचमुच यह मुश्किल कार्य ही है लेकिन असंभव नहीं। माँ कभी अपने बच्चों से असंभव कार्य करने को नहीं कहेगी। बल्कि उस असंभव कार्य को संभव कैसे करना है यह सिखायेगी। सहज योग यही ध्यान पद्धति है।



परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहज योग से साधकों ने यह समझा है कि हम ईश्वर की सर्वोत्तम सृष्टि हैं और ईश्वर ने हमें अपने स्वरूप में ही निर्मित किया है। ईश्वर यह चाहते हैं कि हम ईश्वर की इस सृष्टि को, इस ब्रम्हांड को सुंदरतम बनायें, आपस में स्नेह और सद्भावना रखें। अपने प्रतिबिंब मानवमात्र से ईश्वर की यही अपेक्षा है कि हम उनके प्रतिनिधि की तरह इस संसार में जीये। अपने किसी और सृष्टि से ईश्वर को यह अपेक्षा नहीं है। ईश्वर का प्रतिबिंब मानव अपने को तभी समझ सकता है जब वो स्वयं को देख सके, अपने आत्मज्ञान को प्राप्त कर सके। सहज योग में आत्मसाक्षात्कार के उपरांत जब कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है तब हमारा सहस्त्रार खुलता है, हम इस विराट में फैले चैतन्य को महसूस करने लगते हैं। यह एक अद्भुत, सुंदर और अविश्वसनीय सत्य है। जिस प्रकार सागर में यदि कटोरी भर रंग डाला जाये तो रंग का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। उसी प्रकार हमारी आत्मा भी सागर की तरह है जिसमें दिव्य प्रकाश है। जब यह प्रकाश रुपी सागर हमारे मस्तिष्क में गिरता है तब मस्तिष्क का अपना स्वरूप आध्यात्मिक हो जाता है और हम ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने की पात्रता पा लेते हैं। जो लोग ध्यान धारणा करते हैं, समर्पण करते हैं, गहनता में उतरते हैं वे वृक्ष की जड़ों की तरह गहनता में प्रवेश पाते हैं और ऐसे व्यक्ति का सभी अनुसरण करते हैं। जब हम इस आत्म स्थिति को पा लेते हैं तब हमें पूजा या किसी भी विधि विधान या कर्मकांड की आवश्यकता नहीं रह जाती है। हम पूर्ण निरानंद की स्थिति में शांति प्राप्त करने लगते हैं। 'मैं' से उपर उठ जाते हैं। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# असीमित विकल्पों के दौर में द्वंद्व रहित जीवन संभव है सहजयोग ध्यान से



जीवनकीपरिस्तिथियों में लिप्त ना होना, सुख दुख से परे जाकर जिंदगी का आनंद उठाना यूं अपने आप में समाया होना कि, हर समस्या का समाधान सहजता से प्राप्त हो यह सब जीवन जीने की कला है जो योग के बाद ध्यान करने से मनुष्य के भीतर विकसित होती है। "जब कुंडलिनी सहस्त्रार का भेदन करती है, तो आप अपने हाथों में शीतल हवा महसूस करते हैं। यह सौम्य शीतल लहरियां हैं जो कि पवित्र आत्मा या इस सर्वव्यापी शक्ति की ठंडी हवा है। लेकिन जब आप इस अवस्था को प्राप्त करते हैं तो आप आत्मा बन जाते हैं, आप उस पहिए की तरह अत्यंत शान्त बन बन जाते हैं, जो गतिशील है। और अगर आपका चित्त पहिए पर है, उसकी परिधि पर है, तब आपका मन भी हर समय चलायमान रहता है। लेकिन अगर आप पहिए की धुरी पर चित्त डालें, तो यह मौन है। अतः आप पूर्ण मौन के क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं और आप वहाँ से हरेक चीज को एक नाटक, एक लीला की तरह देखते हैं। यह सब चीजें आपके साथ सहज ही घटित होती हैं।" परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी जी के 5 अगस्त 1991 के प्रवचन से साभार

हम देख रहे हैं विश्व कितनी तेजी से बदल रहा है। तकनीकी विकास ने, इस ग्लोबलाइजेशन ने जैसे विश्व को एक सूत्र में जोड़ दिया है। परंतु साथ ही साथ हम एक अशांति में प्रवेश होने से स्वंय को बचा नहीं पा रहे हैं। तकनीकी विकास ने मानवता, इंसानियत और भाई चारे को लगभग समाप्त ही कर दिया है। इंसान भी जैसे भावहीन मशीन सा बन गया है. बस पैसे कमाना, सुख सुविधाओं का उपयोग यही जिंदगी बन गई है। धर्म, राजनीति, परिवार और समाज हर जगह द्वंद्व है. जो जन साधारण के अंतर में बेचैनी का भाव भर रहा है. . वर्तमान में स्थिति यह है कि हमारे आसपास के बदलते परिवेश का प्रभाव हम पर इतना अधिक होता है कि हम हम एक बेचैनी से भरा जीवन जीने को विवश होते हैं. शांति से यदि जीवन जीना है तो हमें ध्यान योग से जुड़ना चाहिए. सहज योग से जुडने पर जब हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी शक्ति का जब जागरण होता है तब हमारे अंदर कई गुण विकसित होते हैं जिसमें एक गुण है साक्षी भाव। साक्षी भाव के जागृत होते ही हम पर आसपास के घटनाओं का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और हम हर एक घटना को साक्षी बनकर देखने लगते हैं। अतः सहज योग से जुड़कर आत्म साक्षात्कार पायें और जीवन का आनंद उठायें. अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# आधुनिक काल में सत्य की खोज का एक सुंदर आयाम है सहजयोग

बदलाव उन्नति को दर्शाता है, जिस प्रकार समय के साथ- साथ मानव जीवन-शैली में बदलाव आया है उसी प्रकार समय के साथ- साथ प्रकृति को भी बदलाव करने पड़ते हैं। धरती पर अवतरित हुए सभी अवतरणों ने इस बदलाव की आवश्यकता को अपने-अपने तरीकों से एवं समय जिस प्रकार के तरीकों की मांग करता है उन तरीकों से मनुष्य को सही पथ पे चलने के लिए प्रेरित किया है।सभी के तरीके भले ही भिन्न थे परंतु संदेश एक ही था।

इसी विषय पर पर प्रकाश डालते हुए सहजयोग की संस्थापिका श्री माता जी निर्मला देवी जी कहते हैं कि आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है सहजयोग। श्री माता जी साधकों को संबोधित करते हुए समझाते हैं कि प्राचीन काल से चले आ रहे हठयोग, राजयोग आदि उस प्राचीन समय की आवश्यकता थे पर क्योंकि अब मानव विकसित होने की चरम सीमा पर है तो उसे इस बदलाव से मित्रता कर आधुनिक समय की मांग को समझ कर खुद पर कार्य करना होगा, स्वयं को समझना होगा। जो शुद्धता मानव प्राचीन काल में अपने घरों से एवं संबंधियों से दूर रह कर कड़ी तपस्या करने से प्राप्त करता था ताकि वह परमात्मा के प्रेम शक्ति की अनुभूति कर सके, आज के समय में वह शुद्धता, चैतन्य की सतर्कता



एवं परमात्मा की प्रेम शक्ति को कुंडलिनी जागरण की सहायता से क्षण भर में अपने सूक्ष्म तंत्र पर महसूस कर सकता है।

कुंडलिनी जागरण श्री माता जी के द्वारा दी गई मानवता को एक ऐसी भेंट है जिसने मानव की सत्य-खोज को एक सुंदर आयाम प्रदान किया है। आज के समय विश्व भर में फैला हुआ सहजयोग करोड़ों में सत्य के साधकों द्वारा अपनाया गया है एवं उन सभी ने इस सुंदर अनुभव को अपने अंदर एक सुंदर बदलाव के रूप में देखा है। सहजयोग का प्रथम चरण ही कुंडलिनी जागरण है, जिसकी सहायता से मनुष्य का संबंध परमात्मा की सर्वव्यापी प्रेम शक्ति से हो जाता है और वह सुंदर प्रेम से प्लावित हो जाता है। सभी पौराणिक ग्रंथों में कुंडलिनी जागरण एवं सहजयोग की परिभाषा का वर्णन किया गया है। यदि मनुष्य ही निर्वाज्य प्रेम से भर जाएगा तो विश्व में हो रही धन और सत्ता की अंधी लड़ाई को खत्म कर केवल आपसी प्रेम की भावना रखेगा और इसी प्रकार पूरा विश्व हर भेदभाव को भुलाकर एक हो जाएगा। यही सपना श्री माता जी ने अपनी आँखों में लिए विश्व भर में यात्राएं की और साधकों की कुंडलिनी जागृत की तथा उसी प्रेम के धागे से सभी सहजयोगियों को बांध एक सुंदर विश्व स्थापित करने का संदेश मनुष्य को दिया। यदि आप भी कुंडलिनी जागरण का अनुभव. करना चाहते है या फिर सहजयोग के बारे में अधिक जानकारी टॉल फ्री नम्बर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।



## महेंद्र को बनाया अपेक्स बैंक का अध्यक्ष, समर्थकों ने बांटी मिठाई

**दिव्यानंद अर्गल**

**ग्वालियर । वरिष्ठ बीजेपी नेता महेंद्र सिंह यादव को राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) का प्रशासक (अध्यक्ष) नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की खबर मिलते ही ग्वालियर में उनके समर्थकों और प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई । महेंद्र सिंह यादव को अपेक्स बैंक की कमान सौंपे जाने पर ग्वालियर के थाटीपुर क्षेत्र में उनके प्रशंसकों द्वारा भव्य रूप से मिष्ठान वितरण किया गया। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई ।**

थाटीपुर क्षेत्र में आयोजित इस खुशी के मौके पर मुख्य रूप से अर्जुन मोटर्स के संचालक दिवाकर पचौरी और उत्तम हॉस्पिटल के संचालक ध्रुव यादव के साथ-साथ संजय यादव, आशु श्रीवास, पुरुषोत्तम टमोटिया, अविनाश यादव, पवन भदौरिया, शैलू गुर्जर, योगेश शर्मा सहित कई अन्य साथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाइयां दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



## अवैध रेत परिवहन का खेल जारी खुलेआम हो रही कालाबाजारी



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले के अंतिम छोर पर देवलौंद थाना क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन का खेल खुलेआम जारी है। यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक दिनदहाड़े रेत निकालकर सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहें है । क्योंकि शहडोल जिले में रेत का ठेका अभी तक नहीं हो पाया है जिसका लाभ रेत माफियायों द्वारा जमकर उठाया जा रहा है । इसी कड़ी में देवलौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सुखाड़ चेक पोस्ट के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है, जो अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहा था। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। मामले में आरोपी राजेंद्र कुमार के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई महज औपचारिकता है, जबकि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन लगातार जारी है। लोगों का कहना है कि पूर्व में एक पटवारी की हत्या जैसे गंभीर मामले के बाद भी खनन माफिया बेखौफ सक्रिय हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि माफियाओं से मोटी रकम लेकर उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्थानीय वन अमला , खनिज विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत के चलते यह अवैध कारोबार चरम पर पहुंच गया है, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

## राज्य एवम राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न,1323 अभ्यर्थि हुए शामिल

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा ओएमआर पद्धति से प्रातः 10 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दो सत्रों में शहडोल जिले के 05 परीक्षा केन्द्रो में सुरक्षा व्यवस्था के बीच व्यवस्थित रूप से आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 1767 अभ्यर्थियों में से 1323 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी एवं 444 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र शासकीय बालक हाई स्कूल रीवा रोड जयस्तंभ चौक शहडोल में 400 में से 308, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेंकेण्डरी विद्यालय गांधी चौक 350 मे से 263, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल जयस्तंभ चौक हेतु 300 में से 228, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्गा मंदिर स्टेडियम रोड में 350 में से 244, शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय पांडवनगर में 367 में से 280 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शहडोल में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संभागीय परीक्षा पर्यवेक्षक श्री राम गोपाल प्रजापति एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## विधुर नगर में एक हजार 182 किलोग्राम अवैध भांग बरामद



**आदित्य शर्मा**

आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आज 25 अप्रैल 2026 को विधुर नगर क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई की गई।

कार्यवाही के दौरान आरोपी संजय मिश्रा के निवास 102-B, विधुर नगर पर दबिश दी गई। जहाँ से अवैध रूप से संग्रहीत भांग बुरादा बरामद किया गया। मौके से कुल एक हजार 182 किलोग्राम भांग बुरादा आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया,जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 36 हजार 400 रुपए है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। यह कार्रवाई कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राघवेंद्र कुशवाह एवं श्री कमलेश सोलंकी (उड़न दस्ता प्रभारी) के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यवाही में आरक्षक श्री मुकेश रावत एवं श्री अजय का विशेष योगदान रहा।

## अवैध रेत परिवहन पर विभाग सख्त रेत सहित वाहन जब्त

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल । कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार शहडोल जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में जिला खनिज अधिकारी श्री राहुल शांडिल्य ने जानकारी दी है कि ब्यौहारी एवं सोहागपुर तहसील क्षेत्रों में जांच की गई। तहसील ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम- रसपुर झापर नदी से रेत के अवैध उत्खनन/परिवहन की शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं। उक्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर खनिज विभाग के द्वारा संबधित क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान ग्राम रसपुर तहसील ब्यौहारी में महिन्द्रा ट्रैक्टर बिना नंबर का जिसका चेचिस क्रमांक MBNAAAEXAKJA04378 की जांच की गई । वाहन में लोड़ खनिज रेत के परिवहन से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन चालक के कब्जे से वाहन मय खनिज रेत जब्त कर वाहन को शासकीय अभिरक्षा थाना ब्यौहारी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इसी प्रकार ग्राम निपनिया, तहसील सोहागपुर में खनिज रेत का अवैध उत्खनन/परिवहन करते पाए गए वाहन मेटाडोर बिना नंबर जिसका चेचिस क्र. MAT786009R7H14306 को जांच हेतु रोका गया। वाहन चालक द्वारा वाहन में लोड़ खनिज रेत के परिवहन से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। वाहन को मय खनिज रेत को जप्त कर थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की गई है ।



# बुरहानपुरः ग्राम तुकईथड़ में गौचर भूमि पर अतिक्रमण का खेल, बाहरी लोग जमा रहे अवैध कब्जा

**महेन्द्र मालवीय**



बुरहानपुरः जिले की जनपद पंचायत खकनार के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुकईथड़ में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण का गंभीर मामला सामने आया है। अनाज मंडी के समीप स्थित बेशकीमती गौचर भूमि, जिसे 2017-18 में आबादी क्षेत्र घोषित कर पात्र निवासियों को पट्टे दिए गए थे, अब भू-माफियाओं और बाहरी लोगों के निशाने पर है। स्थानीय प्रशासन की मौन चुप्पी के चलते यहाँ शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी हैं।

## आबादी क्षेत्र की आड़ में हो रहा अवैध कब्जा

जानकारी के अनुसार, जिस भूमि को स्थानीय निवासियों के आवास हेतु आरक्षित किया गया था, वहाँ अब ऐसे लोग कब्जा जमा रहे हैं जो गाँव के स्थाई निवासी ही नहीं हैं। आरोप है कि कुछ लोग पहले से पट्टाधारी होने के बावजूद या बाहरी प्रभाव के चलते खाली पड़ी सरकारी जमीन को चिन्हित कर रहे हैं और वहाँ टीन-शेड डालकर रातों-रात पक्का निर्माण करने की फिराक में हैं।

## पात्रता के नियमों की उड़ रही धज्जियाँ

नियमों के तहत आबादी क्षेत्र की शासकीय भूमि पर आवास बनाने का अधिकार केवल उन्हीं बेघर व्यक्तियों को है, जो ग्राम पंचायत तुकईथड़ के स्थाई निवासी हैं। लेकिन, यहाँ नियम कायदों को दरकिनार कर बाहरी लोग स्थानीय सहयोगियों की मिलीभगत से जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बाहरी लोगों का वर्चस्व रहा, तो आने वाले समय में गाँव के ही वास्तविक जरूरतमंद और भूमिहीन लोग अपने ही गाँव में पट्टे से वंचित रह जाएंगे।

## स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल

इस पूरे प्रकरण में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। अगर समय रहते प्रशासन ने इस दिशा में सख्त कदम नहीं उठाए, तो सरकारी संपत्ति का यह नुकसान स्थायी हो जाएगा।

## ग्रामीणों की माँग

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से मौके का मुआयना करने, अवैध कब्जों को चिन्हित कर बेदखल करने और भविष्य में होने वाले अनधिकृत निर्माणों पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि राजस्व अमले को जवाबदेही तय करनी होगी ताकि सरकारी भूमि का उपयोग केवल और केवल पात्र स्थानीय लोगों के लिए ही सुनिश्चित हो सके।

# बुरहानपुरः आंधी-तूफान और बारिश ने मचाया तांडव, घनश्यामपुरा में किसानों की केला फसल बर्बाद



**महेन्द्र मालवीय**

जिले के खकनार ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम घनश्यामपुरा में रविवार रात कुदरत का कहर बरपा। अचानक आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने क्षेत्र के किसानों की कमर तोड़ दी है। इस प्राकृतिक आपदा में किसानों की सैकड़ों एकड़ में लगी केला की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

लाखों का नुकसान, किसान बेहाल रविवार की रात हुई मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने तैयार खड़ी केला की फसल को जमींदोज कर दिया। किसानों के लिए यह फसल उनकी आजीविका का मुख्य साधन थी, जो अब पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। इस आपदा से किसानों को लाखों रुपये के आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। फसल बर्बाद होने से स्थानीय किसान गहरे सदमे और चिंता में हैं।

## शासन-प्रशासन से सर्वे और मुआवजे की मांग

ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत और पूंजी सब कुछ इस आपदा में बह गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है किः तत्काल सर्वे कृषि विभाग और राजस्व विभाग की टीम तुरंत ग्राम घनश्यामपुरा पहुँचकर फसल नुकसान का जायजा ले उचित मुआवजा नुकसान के आकलन के आधार पर प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान की जाए, ताकि वे दोबारा खेती शुरू कर सकें और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

# इंदौर सब्जी मंडी में जनसुविधाओं का विस्तार -प्याऊ की सफाई और नए कोल्ड वॉटर RO प्याऊ की सौगात

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। शहर की प्रमुख सब्जी मंडी में आम नागरिकों, व्यापारियों और मजदूर वर्ग की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सराहनीय पहल की गई है। मंडी क्षेत्र में स्थित सभी प्याऊ (पेयजल स्थल) की बाहरी साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया गया, जिससे न केवल स्वच्छता व्यवस्था में सुधार हुआ है, बल्कि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अभियान के तहत पुराने प्याऊ की दीवारों, आसपास के क्षेत्र और जल निकासी व्यवस्था को व्यवस्थित किया गया। नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि भविष्य में भी स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही छावनी प्रांगण में एक नए अत्याधुनिक प्याऊ की स्थापना की गई है, जिसमें कोल्ड वॉटर और आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह नई व्यवस्था गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा और शुद्ध पानी उपलब्ध कराने में अत्यंत उपयोगी साबित होगी। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं मंडी क्षेत्र में लंबे समय से आवश्यक थीं। स्वच्छ पानी और साफ-सफाई से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि शहर की छवि भी मजबूत होगी। नगर प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम जनहित में एक सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है, जिससे इंदौर की स्वच्छता और सुविधाओं के स्तर को और मजबूती मिलेगी।

# जनगणना 2026ः अब पूरी तरह डिजिटल, 'स्व-गणना' के जरिए नागरिक खुद बनेंगे राष्ट्र निर्माण का हिस्सा

**महेन्द्र मालवीय**

ख़कनारःबुरहानपुरः आगामी जनगणना प्रक्रिया में इस बार एक क्रांतिकारी बदलाव किया गया है। अब जनगणना का कार्य पूरी तरह से 'पेपरलेस' (कागज रहित) और डिजिटल मोड में संपन्न होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कम समय में डेटा का तीव्र और सटीक संकलन करना है, ताकि भविष्य की सरकारी नीतियां अधिक प्रभावी ढंग से बन सकें।

स्व-गणना' तकनीक और पारदर्शिता का मेल- इस बार की जनगणना में सबसे महत्वपूर्ण नया विकल्प *'स्व-गणना' (Self-Enumeration)* जोड़ा गया है। इस विषय पर वरिष्ठ अध्यापक और जनगणना कार्य हेतु नियुक्त फील्ड ट्रेनर गोपाल बारी ने महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया हैः स्वैच्छिक और सरलः फील्ड ट्रेनर गोपाल बारी ने स्पष्ट किया कि स्व-गणना अनिवार्य नहीं है। यह एक पूर्णतः स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जो विशेष रूप से उन शिक्षित परिवारों के लिए है जो स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने में सक्षम हैं। आईडी (ID) का महत्वः

यदि कोई व्यक्ति अपनी स्व-गणना पूरी कर लेता है, तो उसे एक विशिष्ट आईडी (AC ID) मिलेगी। प्रगणक के घर आने पर यह आईडी दिखाने से गणना प्रक्रिया बेहद सरल हो जाएगी।

चिंता मुक्त प्रक्रियाः* बारी ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि यदि कोई व्यक्ति अपनी स्व-गणना आईडी भूल जाता है, तो भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है; ऐसे मामलों में प्रशासन द्वारा पुनः गणना की पूरी सुविधा दी गई है।

सटीकता की प्राथमिकताः* त्रुटि सुधार के संबंध में गोपाल बारी ने बताया कि प्रगणकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे स्व-गणना डेटा को भी सावधानीपूर्वक क्रॉस-चेक करें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य एक पारदर्शी और सुव्यवस्थित जनगणना सुनिश्चित करना है, जिसमें नागरिकों की सुविधा और डेटा की शुद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सटीक डेटा से होगा विकास का मार्ग प्रशस्त फील्ड ट्रेनर वीरेंद्र पवार ने बुरहानपुर में बताया कि 16 से 30 अप्रैल के बीच नागरिक पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे (सड़कों, जल प्रदाय) जैसी जनहितकारी योजनाओं के सटीक आवंटन में आधार स्तंभ बनेंगे।

# शिवपुरीः भगवा झंडे को लेकर उपजा विवाद शांत, प्रांशुल अग्रवाल ने प्रशासन की कार्रवाई पर जताया संतोष

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। शहर के हृदय स्थल माधव चौक पर पिछले कुछ दिनों से भगवा झंडे को हटाए जाने को लेकर चल रहा गतिरोध अब शांत होता नजर आ रहा है। इस पूरे घटनाक्रम और हिंदू समाज के आक्रोश के बाद, स्थानीय युवा और सामाजिक कार्यकर्ता प्रांशुल अग्रवाल ने मीडिया से रूबरू होकर अपना पक्ष रखा।

शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहींः प्रांशुल अग्रवाल मीडिया से चर्चा के दौरान प्रांशुल अग्रवाल ने कहा कि शिवपुरी हमेशा से एक शांतिप्रिय शहर रहा है जहाँ सभी समाज और धर्म के लोग मिल-जुलकर रहते आए हैं। उन्होंने झंडा हटाए जाने की घटना को 'विकृत मानसिकता' वाले लोगों की करतूत बताया जो शहर का सौहार्द बिगाड़ना चाहते हैं।

नगर पालिका की भूमिका पर उठाए सवाल- प्रांशुल ने बताया कि परशुराम जयंती के अवसर पर लगाए गए भगवा ध्वज को हटाए जाने के बाद हिंदू समाज के युवाओं में गहरा रोष था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो-तीन दिनों से वे और उनके साथी प्रशासन के चक्कर काट रहे थे, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा था। प्रशासनिक आश्वासन और कार्रवाई प्रांशुल अग्रवाल ने जानकारी दी कि आज नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों से सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहाः "आज पूरे हिंदू समाज की एकता का ही परिणाम है कि हमारे धर्म की शान, हमारा भगवा ध्वज पुनः उसी स्थान पर पूरे मान-सम्मान के साथ स्थापित कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने हमें आश्वासन दिया है कि किस अधिकारी के आदेश पर झंडा हटाया गया था, इसकी गहन जांच की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।" समाज से शांति की अपील अंत में उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने धर्म और संस्कृति के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। झंडा पुनः लगने पर उन्होंने समस्त हिंदू समाज का आभार व्यक्त किया और इसे अपनी आस्था की जीत बताया।

# तुकईथड़ः समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र पर किसानों का बुरा हाल, 'अन्नदाता' परेशान, जिम्मेदारों की मनमानी जारी

**महेन्द्र मालवीय**

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश में सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का दावा किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। बुरहानपुर जिले के ग्राम तुकईथड़ स्थित खरीदी केंद्र पर अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए तीन-तीन दिनों से खुले आसमान के नीचे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रात बिताने को मजबूर हैं।

अनाज के कट्टों के नाम पर हो रही है खुलेआम लूट-किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि खरीदी केंद्र पर भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। नियमानुसार 'वरदान' (जूट के कट्टे) का वजन 450 ग्राम निर्धारित है, लेकिन किसानों से प्रत्येक 50 किलो के कट्टे पर 800 से 850 ग्राम वजन काटा जा रहा है। यानी प्रति कट्टा 400 ग्राम अतिरिक्त उपज किसानों से अवैध रूप से वसूली जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिम्मेदार अपनी मर्जी के मालिक, किसान बेहाल-तुकईथड़ खरीदी केंद्र पर अव्यवस्थाओं की लंबी फेहरिस्त हैः

मनमानी खरीदीः केंद्र पर खरीदी सुचारू रूप से नहीं हो रही है। जिम्मेदार अधिकारी अपनी मर्जी के मालिक बने हुए हैं, जब इच्छा होती है खरीदी शुरू करते हैं और जब मन करता है बंद कर देते हैं। धीमी गतिः दिनभर में मात्र 10 से 12 ट्रैक्टर ही खाली हो पा रहे हैं, जिससे किसानों की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

तोल कांटों की कमीः भारी भीड़ के बावजूद केवल एक ही तोल कांटा चालू है, जबकि यहां कम से कम 2 से 3 कांटों की तत्काल आवश्यकता है।

# जिले के 06 प्रमुख डाकघरों में 25 अप्रैल को लगेंगे विशेष आधार कैंप; टोकन वितरण प्रारंभ

**दिलीप पाटीदार**

धार, डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिले के विभिन्न केंद्रों पर आगामी 25 अप्रैल को विशेष आधार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। उप सम्भागीय निरीक्षक, डाक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य आधार नामांकन और अपडेशन की प्रक्रिया को नागरिकों के लिए और अधिक सुगम बनाना है।

समय और स्थान-यह विशेष कैंप जिले के निम्नलिखित डाकघरों में प्रातः 08:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगेः प्रधान डाकघर धार, उपडाकघर पीथमपुर सेक्टर-01, उप डाकघर पीथमपुर सेक्टर-03, उप डाकघर सरदारपुर, उप डाकघर राजगढ़ तथा उपडाकघर धामनोद में आयोजित किए जाएंगे।

कैंप में मिलने वाली सुविधाएं-कैंप के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्कों पर आधार कार्ड के नए नामांकन एवं अपडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बच्चों के नए आधार कार्ड बनाने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन (Mandatory Biometric Update) की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। टोकन वितरण एवं अपील- भीड़ प्रबंधन और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा 23 अप्रैल से ही टोकन का वितरण शुरू किया जा रहा है। आधार अपडेशन के इच्छुक नागरिक समय रहते संबंधित डाकघर से अपना टोकन प्राप्त कर सकते हैं, ताकि कैंप के दिन कार्य सुगमता और शीघ्रता से पूर्ण हो सके। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# एसडीएम-तहसीलदार रोज करें उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण : कलेक्टर

**नवल किशोर कुशवाहा**



**कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को प्रतिदिन समर्थन मूल्य पर संचालित गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रों पर छन्ना, पंखा, पेयजल, बारदाना सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसानों की भीड़ प्रबंधन और गेहूं परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने मिलावटी एवं अशुद्ध खाद्य पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्रियों पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा एवं सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। लापरवाही पर अधिकारियों को नोटिस, शिकायतों के निराकरण के निर्देश**

कटनी। समय-सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी तथा जल निगम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। खराब रैंकिंग पर जिला खनिज अधिकारी एवं सीएमएचओ से स्पष्टीकरण मांगा गया। डिजिटाइजेशन कार्य में रुचि नहीं लेने वाले पटवारियों पर कार्रवाई तथा लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों में पंचायत सचिवों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए गए। जनगणना की तैयारी तेज, 30 अप्रैल तक किट वितरण के निर्देश

कलेक्टर ने जनगणना तैयारियों की समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को 30 अप्रैल तक प्रगणकों को किट वितरित करने के निर्देश दिए। वहीं 1 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ और पंचायत सचिवों को दिए गए।

जलगंगा संवर्धन अभियान में जिले की 19वीं रैंक जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए विभागों को निर्धारित लक्ष्य समय पर पूर्ण कर पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। वर्तमान में कटनी जिला अभियान में प्रदेश स्तर पर 19वें स्थान पर है। मिलावटखोरों पर चलेगा अभियान, फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए जिले की बड़ी खाद्य उत्पादन इकाइयों में औचक निरीक्षण कर मिलावटी एवं अशुद्ध खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना में 36 किसानों को मिला ला कटनी। मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना की समीक्षा में बताया गया कि 559 लक्ष्य के विरुद्ध 509 किसानों ने राशि जमा कर दी है, जबकि 36 किसानों के यहां सोलर पंप स्थापित हो चुके हैं। कलेक्टर ने शेष किसानों के ऋण स्वीकृत कराने के लिए बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले में चना-मसूर उपार्जन जारी, 354 मीट्रिक टन खरीदी* जिले +में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी जारी है। अब तक 6 उपार्जन केन्द्रों में 128 किसानों से 170 मीट्रिक टन चना तथा 91 किसानों से 184 मीट्रिक टन मसूर खरीदी की जा चुकी है। चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये तथा मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। उपार्जन कार्य 28 मई तक चलेगा। कलेक्टर ने किसानों से निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त उपज लाने की अपील की है।

आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित विकासखंड बड़वारा में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शंकराचार्य के जीवन दर्शन, सनातन धर्म के पुनर्जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 से 4 मई 2026 तक



# नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित आर्य समाज मंदिर में अखिल भारतीय राजार्य सभा का भव्य आयोजन सम्पन्न

**राजेश धाकड़**



नई दिल्ली। राजधानी नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित आर्य समाज मंदिर में अखिल भारतीय राजार्य सभा का भव्य एवं गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए साधु-संतों, वैदिक विद्वानों और आर्य समाज के अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का वातावरणआध्यात्मिक, राष्ट्रवादी और प्रेरणादायक बना रहा। कार्यक्रम की सबसे प्रमुख विशेषता यह रही कि डी पी यादव ने अपना नाम परिवर्तित कर धर्मपाल आर्य रखा। इसके साथ ही उन्हें अखिल भारतीय राजार्य सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित जनसमूह ने पुष्पमालाओं और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में सुदर्शन न्यूज़ राष्ट्रनिर्माण के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. पवन आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने समाज को संगठित करने, वैदिक संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। देश के विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्माओं एवं विद्वानों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज में जागरूकता, शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि भारत को वैदिक मूल्यों, संस्कृति और सामाजिक समरसता के आधार पर सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आजाद सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वहीं मंच संचालन वैदिक विद्वान एवं राज आर्य सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. करण सिंह आर्य द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। पूरे आयोजन के दौरान उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा वैदिक विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# देश की 10 “सेफ सिटीज” में मध्यप्रदेश से एकमात्र धार का चयन, 10 करोड़ की मंजूरीः श्रीमती सावित्री ठाकुर के प्रयास लाए रंग

**दिलीप पाटीदार**



धार धार–महू संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर निरंतर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। उनके सक्रिय नेतृत्व और दूरदर्शी प्रयासों के परिणामस्वरूप आज लोकसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। आधारभूत संरचना से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है। इसी क्रम में धार जिले को एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। मंत्री के विशेष प्रयासों से केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा “निर्भया फंड” के अंतर्गत धार को 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संकल्प का प्रतीक है।

गौरतलब है कि वर्ष 2026 के लिए देशभर के 10 प्रमुख शहरों को “ सेफ सिटीज ” परियोजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिनमें मध्यप्रदेश से एकमात्र ऐतिहासिक नगरी धार को स्थान मिला है। यह चयन धार जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है, जो क्षेत्र के विकास और सुरक्षा के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस परियोजना के तहत धार एवं लोकसभा क्षेत्र के चयनित स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की जाएगी। आधुनिक तकनीकों जैसे सीसीटीवी निगरानी, स्मार्ट लाइटिंग, महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस सहायता व्यवस्था तथा सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके साथ ही जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित यह महत्वाकांक्षी परियोजना महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता में भी वृद्धि होगी। इस उपलब्धि से पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि “सेफ सिटी” परियोजना के माध्यम से धार जिले को एक सुरक्षित, सशक्त और आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।

# वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्र 2,आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

इंदौर कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्री शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी जी ,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल जी के नेतृत्व में आज दिनांक 21.04.2026 को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ बीजलपुर क्षेत्र में सायं कालीन गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ट्रेजर टाउन कॉलोनी के पीछे छापरी नामक स्थान पर मैदान से दोपहिया वाहन नीले रंग की activa MP09 UR8565 से 75 पाव देशी मदिरा मसाला व प्लेन के जब्त की गई ।आबकारी का वाहन देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया ।आरोपी के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा एवं वाहन की कुल कीमत लगभग 86000 रुपए निकाली गई है। आज की कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जया मुजाल्दे एवं आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा ,एलन बघेल और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा ।



# संगीत की शाम में समाज सेवा का संगम

## ‘स्टार बैंड टीम’ ने समाजसेवी मदन परमालिया को किया सम्मानित

इंदौर। शहर के स्टार बैंड द्वारा जाल सभागृह' में आयोजित भव्य संगीत कार्यक्रम 'सारा जमाना हसीनों का दीवाना' बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। विजनरी ऑर्गनाइजर और प्रसिद्ध सैक्सोफोन वादक मनीषा यादव के नेतृत्व में आयोजित इस शाम ने न केवल संगीत प्रेमियों का दिल जीता, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को भी एक मंच पर लाया। कार्यक्रम के दौरान समूह द्वारा इंदौर के प्रसिद्ध समाजसेवी मदन परमालिया जी का विशेष सम्मान किया गया। उन्हें समाज के प्रति उनके निस्वार्थ योगदान और समर्पण के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैंड की मुख्य कलाकार मनीषा यादव ने अपने सैक्सोफोन की धुनों से समां बांध दिया। उनके साथ 'द बैंड एनसेंबल' के कलाकारों ने बेहतरीन जुगलबंदी पेश की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में इन्दु जैन मौजूद रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मुक्ता रॉय (संयुक्त सचिव, प्रदेश महिला कांग्रेस), चिन्तन बाकिवाला, उमेश सिंघानिया और 'विज़ी विंग्स' के संस्थापक डॉ. अंशुल जैन व श्रेया अनसाने उपस्थित थे। कार्यक्रम की एंकर मिनी राजपाल ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि 'स्टार बैंड टीम' का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना ही नहीं, बल्कि समाज के नायकों को पहचान देना भी है। समाजसेवी मदन परमालिया जी के सम्मान ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। इस




अवसर पर अशोक जैन, दीपक जाजोदिया, और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मनीषा यादव ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )